हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 11 फरवरी 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 सूने मकानों में चोरी करने वाली महिला आरोपी को ...



08 एआई टेक्नॉलॉजी के युग में इंटरनेट का सुरक्षित...



# आस्था का अनूठा संगमः दुर्गम चढ़ाई पर अटूट आस्था के साथ मनोकामनां के त्रिशूल हैं परम्परा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सतपुड़ा की सुरम्य वादियों में बसा भगवान शिव का धाम वर्षों से अपनी अनूठी परम्पराओं के लिए देशभर में जाना-पहचाना जाता है। किवदंती यह भी थी कि भस्मासुर से बचने भगवान शिव ने यहीं पर शरण ली थी।

पचमढ़ी इन दिनों शिवभक्ति के रंग में सराबोर है। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित होने वाला ऐतिहासिक महादेव मेला आधिकारिक रूप से प्रारंभ है। 15 फरवरी तक चलने वाले इस 10 दिवसीय उत्सव में देश भर से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंच रहे हैं।

### भस्मासुर की कथा से जुड़ा है इतिहास

किवदंतिया है कि लगभग 100 वर्षों से भी अधिक पुराने इस मेले का ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व गहरा है। प्रचलित जनश्रुति के अनुसार, जब भगवान शिव ने भस्मासुर को किसी के भी सिर पर हाथ रखकर भस्म करने का वरदान दिया, तो अहंकारी राक्षस ने स्वयं महादेव पर ही वार करने का प्रयास किया। मान्यता है कि भस्मासुर से बचने के लिए भगवान भोलेनाथ ने चौरागढ़ की इन्हीं दुर्गम पहाड़ियों और गुफाओं में शरण ली थी।

### दुर्गम चढ़ाई और अटूट आस्था

समुद्र तल से 4200 फीट की ऊंचाई पर स्थित चौरागढ़ मंदिर तक पहुंचना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। श्रद्धालुओं की यात्रा 'बड़े महादेव' गुफा से शुरू होती है, जहाँ से लगभग 3.5 किलोमीटर का कठिन पहाड़ी रास्ता और 325 सीढ़ियां चढ़कर भक्त मुख्य मंदिर तक पहुंचते हैं। इतनी दुर्गम चढ़ाई के बावजूद, भक्तों का उत्साह देखते ही बनता है।

### मन्नत के त्रिशूल हैं परंपरा

इस मेले की सबसे विशिष्ट पहचान यहां चढ़ाए जाने वाले त्रिशूल हैं। अपनी मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु क्विंटलों वजनी लोहे के त्रिशूल अपने कंधों पर उठाकर पहाड़ी के शिखर तक ले जाते हैं। यहां लगने वाला मेला करीब 150 वर्ष पुरानी परम्पराओं में शामिल है। भक्तों की निगरानी में स्वयं भोलेनाथ करते हैं।

### भक्ति की अनूठी धार

पचमढ़ी का कोना-कोना शिवमयः ढोल-नगाड़ों की थाप और शंखनाद के साथ समूचा पचमढ़ी क्षेत्र भक्ति के रंग में डूबा हुआ है। बिछड़े परिजनों को मिलाने यहां बना कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय है। हाल ही में सिवनी के 8 वर्षीय शौर्य नायक और छिंदवाड़ा की आशा राठौर को उनके परिजनों से सकुशल मिलवाया गया।

## साइबर एक्सपर्ट और 2000 सीसीटीवी फुटेज ने राह दिखाई

# इटारसी पुलिस ने किया चौंकाने वाले हत्याकांड का सफल खुलासा

इटारसी पुलिस ने एक ऐसी हत्याकांड का खुलासा किया हैं। जिसमें आरोपी को पुलिस ने पहले पकड़ा और मृतका की पहचान बाद में हो पाई हैं। दरअसल नागपुर रेलवे लाइन आउटर के पास यार्ड रोड पर मिली अज्ञात युवती की लाश के मामले में इटारसी पुलिस ने अंधे कत्ल का खुलासा कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी पुलिस ने यार्ड रोड के पास मिली अज्ञात युवती की लाश के मामले में गहन और सुनियोजित जांच कर करिश्माई सफलता हासिल की। पुलिस ने लगभग 2000 सीसीटीवी फुटेज की जांच और साइबर सेल के तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी रिजवान खान 24 साल रोहतास, बिहार की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी ने हत्या की स्वीकारोक्ति की, जिससे पुलिस की जांच में निर्णायक सफलता मिली। आरोपी ने हत्या स्वीकार की। पुलिस के अनुसार, मृतिका रिहाना खातून अपने शादी के दबाव और रिपोर्ट की धमकी के कारण हत्या का शिकार हुई। इस खुलासे का सबसे बड़ा पहलू यह रहा कि मृतका कि पहचान बाद में हुई और पुलिस आरोपी तक पहले पहुंची।

### 2000 सीसीटीवी कैमरों से जुटाए साक्ष्य



6 जनवरी 2026 को सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। जांच में प्रथम दृष्टया हत्या पाया जाने पर अपराध दर्ज कर विशेष टीम गठित की गई। करीब 2000 सीसीटीवी कैमरों की जांच और साइबर सेल के तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतिका रिहाना खातून उससे शादी का दबाव बना रही थी और रिपोर्ट करने की धमकी दे रही थी। इसी कारण 4 जनवरी को इटारसी रेलवे स्टेशन के पास सुनसान इलाके में ले जाकर उसकी हत्या कर दी।

### गहन पूछताछ और सर्चिंग अभियान से पहुंची पुलिस

एसपी के निर्देशन में पुलिस ने एक अनसुलझे हत्याकांड को गंभीरता से लेते हुए गहन जांच और सर्चिंग अभियान चलाया। आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। युवती के परिजनों ने संबंधित थाना क्षेत्र में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन बिहार पुलिस द्वारा मामले को प्राथमिकता न दिए जाने के कारण पहचान में देरी हुई। पहचान के बाद पुलिस ने आरोपी तक सफलता पूर्वक पहुंच बनाई। घटना में आरोपी और मृतका पहले से परिचित थे। दोनों महाराष्ट्र में साथ काम कर रहे थे। युवती द्वारा शादी का दबाव बनाए जाने से परेशान होकर आरोपी ने इटारसी में उसकी हत्या की और इसके बाद बिहार अपने गांव वापस चला गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, हत्या के समय और पहले के कपड़ों के चित्र तथा सोशल मीडिया के माध्यम से जांच को तेज किया। तकनीकी डाटा और मुखबिर की मदद से टीम बिहार के जिला रोहतास, थाना कच्छवा पहुँची और संदेही रिजवान पिता नेहलउद्दीन खान को हिरासत में लिया। गहन पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया और अब मृतका के संबंध में पूछताछ जारी है। इस घटना का खुलासा एसपी साईं कृष्ण एस थोटा, एएसपी अभिषेक राजन, एसडीओपी इटारसी वीरेन्द्र मिश्रा, इटारसी टीआई गौरव सिंह बुंदेला, पथरौटा टीआई संजीव पवार के कुशल मार्गदर्शन में हुआ।

### एसपी के नेतृत्व में पुलिस ने दिखाया तत्पर और पेशेवर रवैया

एसपी साईं कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन में पुलिस ने तुरंत मर्ग कायम कर विशेष टीम का गठन किया और लगातार खोजबीन और पूछताछ के जरिए आरोपी तक पहुंच बनाई। आरक्षक राजकुमार झपाटे और साइबर सेल के संदीप यादुवंशी ने तकनीकी और सूचनात्मक मदद से मामले को सुलझाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पुलिस की तेजी और दक्षता ने यह साबित कर दिया कि कानून और व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है।

### शादी का दबाव बना रही थी मृतका

आरोपी ने बताया कि मृतका का नाम रिहाना खातून पिता जासीन खान नि.ग्राम वार्ड क्र. 13 पीरूपुरब मोहल्ला भोजपुर (बिहार) है। मृतिका रिहाना एवं आरोपी रिजवान पास पास के गाँव के रहने वाले थे जो करिबन 01-02 माह से चन्द्रपुर (महाराष्ट्र) मे रह रहे थे। मृतिका रिहाना आरोपी रिजवान से शादी का दबाव बना रही थी। किन्तु आरोपी रिजवान उससे शादी करना नहीं चाहता था। इस दौरान आरोपी को अहसास हुआ कि मृतिका किसी अन्य व्यक्ति से बात करती है व संबंध बनाएं हुये है। 4 जनवरी को चन्द्रपुर से अपने अपने गाँव के लिये इटारसी पहुंचे जहां रेल्वे स्टेशन पर आरोपी रिजवान ने मृतिका रिहाना को काफी समझाया किन्तु रिहाना नहीं मानी। जिसके बाद आरोपी ने उसे यार्ड रोड के पास ले जाकर उसकी हत्या कर दी।

# मोहासा में जहां उद्योग लगने थे, वहां माफिया खोद ले गए जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



माखननगर स्थित मोहासा औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक विकास की आड़ में मिट्टी माफियाओं का खेल एक बार फिर उजागर हुआ है। एमपीआईडीसी द्वारा विकसित किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्र के खाली प्लॉट से अवैध रूप से मिट्टी का उत्खनन कर उसे परिवहन कर दिया गया। हैरानी की बात यह है कि ठीक दो माह पहले इसी क्षेत्र में हुए अवैध उत्खनन पर खनिज विभाग द्वारा 1 करोड़ 58 लाख रुपये का जुर्माना प्रस्तावित किया गया था, इसके बावजूद माफियाओं के हौंसले और बुलंद नजर आ रहे हैं।

### माफियाओं का तांडव

खनिज विभाग के अनुसार इससे पहले मोहासा औद्योगिक क्षेत्र के फेस-1 स्थित प्लॉट नंबर 18 से बड़े पैमाने पर मिट्टी चोरी की गई थी। उस दौरान करीब 12 हजार 683 घनमीटर मिट्टी, एक हजार से अधिक डंपरों के माध्यम से बाहर ले जाई गई थी। मामले में खनिज एवं राजस्व विभाग ने संयुक्त जांच कर प्रकरण बनाया था, जो वर्तमान में कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन है।

### फेस-2 में ताजा मामला

अब ताजा मामला फेस-2 के प्लॉट नंबर 501/1 का है, जो ग्राम आरी के समीप स्थित है। यहां भी एमपीआईडीसी की भूमि से अवैध रूप से मिट्टी का उत्खनन किए जाने की शिकायत पर राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। विभाग द्वारा स्थल निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि मोहासा-बाबई औद्योगिक क्षेत्र के फेज-1 में 884 एकड़ भूमि में से 514.50 एकड़ पर 22 औद्योगिक इकाइयों को आवंटन किया जा चुका है, जहां कई कंपनियों ने निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है। फेज-1 की सफलता के बाद राज्य शासन ने फेज-2 के विस्तार को मंजूरी दी, जिसमें 551 एकड़ भूमि पर 9 नई इकाइयों का प्रस्ताव है।

### इनका कहना है

मोहासा औद्योगिक क्षेत्र में अवैध मिट्टी उत्खनन की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। पूर्व में हुए मामले में 1 करोड़ 58 लाख रुपये का जुर्माना प्रस्तावित कर प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान मामले में भी फेस-2 के प्लॉट से अवैध उत्खनन की शिकायत मिली है, जिसकी जांच जारी है। एमपीआईडीसी से भी पत्राचार कर विभिन्न जानकारियां मांगी गई हैं, परीक्षण के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि औद्योगिक क्षेत्र में हजारों करोड़ के निवेश और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के दावों के बीच बार-बार हो रही इस तरह की घटनाएं प्रशासनिक निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं।

**देवेश मरकाम,** जिला खनिज अधिकारी, नर्मदापुरम

## अवैध रेत के संदेह में पेट्रोल पंप पर विवाद, थाने में वकीलों का भारी हंगामा

जिला मुख्यालय पर उस समय सनसनी फैल गई जब एक पेट्रोल पंप परिसर में रखी रेत को लेकर रेत कंपनी के कर्मचारियों और पंप संचालक के बीच हिंसक झड़प हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। मामला अब तूल पकड़ चुका है, क्योंकि पंप संचालक के अधिवक्ता होने के कारण बड़ी संख्या में वकीलों ने कोतवाली थाने का घेराव कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, नर्मदापुरम स्थित परिहार पेट्रोल पंप के परिसर में भारी मात्रा में रेत का स्टॉक जमा था। रेत कंपनी के उड़नदस्ते को जब इसकी सूचना मिली, तो वे मौके पर जाँच के लिए पहुंचे। कर्मचारियों ने जब संचालक से रेत के वैध दस्तावेज़ और रॉयल्टी की मांग की, तो बहस शुरू हो गई। हालांकि शाम तक विवाद की स्पष्ट स्थिति नहीं मिल पाई थी लेकिन जिला अधिवक्ता संघ के सचिव मनोज जराठे ने प्रेसनोट जारी कर बताया कि जिला अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम की आपात बैठक मंगलवार को हुई, जिसमें अधिवक्ता मनु प्रताप सिंह परिहार पर रेत ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा किए गए प्राणघातक हमले की कड़ी निंदा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला दंडाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी। संघ ने आरोपियों के पक्ष में पैरवी न करने तथा अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू कराने हेतु राज्य अधिवक्ता परिषद को पत्र लिखने का निर्णय लिया। 11 फरवरी को पुलिस अधीक्षक व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## सायबर ठगों ने की एक लाख की वित्तीय धोखाधड़ी, जांच शुरू

**नर्मदापुरम।** शहर के आदर्श नगर कैरियर स्कूल के पास क्षेत्र में एक युवक के साथ साइबर ठगी हो गई। बदमाशों ने वित्तीय धोखाधड़ी कर 1 लाख 5 हजार रुपए ठग लिए । इसको लेकर पुलिस ने धारा 318 (4) , 319 (2) और 308 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । घटना 4 फरवरी की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार आदर्श नगर कैरियर स्कूल के पास निवासी सुरेंद्र गोस्वामी से अज्ञात साइबर ठगों ने वित्तीय धोखाधड़ी कर 1 लाख 5 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। अब इसको लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है । गौरतलब है कि साइबर ठगों से सावधान रहने को लेकर पुलिस समय-समय पर लोगों को जागरुक कर रही है और मोबाइल की एपीके फाइल, अज्ञात लिंक और ओटीपी नहीं बताने की बात नहीं कह रही है। सायबर एक्सपर्ट द्वारा बार-बार सायबर अपराध से बचने की जानकारी दी जाती है। बावजूद इसके लोग धोखाधड़ी का शिकार बनते हैं। पुलिस विभाग वाट्सअप एप एपीके फाइल, आरटीओ चालान, एसबीआई यूनो या सरकारी योजनाओं के नाम पर संदिग्त फाइल न खोलने की समझाइश देता है। लेकिन लोग फिर भी अनजान लिंक या फाइल को बिना जानकारी के खोलकर धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं।

## रेत-गिट्टी का अवैध परिवहन करते 8 वाहन जब्त, जिला प्रशासन की कार्रवाई जारी

**नर्मदापुरम।** जिले में अवैध रेत और गिट्टी परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश पर खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने जिले में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 8 वाहनों को जप्त किया है। खनिज विभाग द्वारा 06 फरवरी 2026 को ग्राम-रामपुर गुर्रा, तहसील-इटारसी से 01 ट्रेक्टर ट्राली को रेत खनिज का अवैध परिवहन करते हुए जप्त कर पुलिस थाना गुर्रा की अभिरक्षा में रखा गया। 8 फरवरी को ग्राम-चौतलाय, तहसील-सिवनीमालवा से 2 डम्पर क्रमशः एमपी 04 जेडएक्स 7155 एवं आरजे 17 जीव्ही 1230 को गिट्टी खनिज के ओवरलोड परिवहन करने पर जप्त कर पुलिस थाना सिवनीमालवा में खडे किए गए। 9 फरवरी को ग्राम-बान्द्राभान, तहसील-नर्मदापुरम से 5 डम्पर क्रमशः एमपी 04 एचई 4338, एमपी 37 जीए 1214,एमपी 04 एचई 5030, आरजे 19 जीजे 0630 एवं एमपी 04 जेडएस 4750 को रेत खनिज के ओवरलोड परिवहन करते हुए जप्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय प्रांगण नर्मदापुरम में खडे किए गए। उक्त कार्रवाई में जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम, खनिज निरीक्षक पिंकी चौहान आदि शामिल थे। सभी वाहनों पर खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## दिन में तपन, रात में सर्दी

**नर्मदापुरम।** बीते एक पखवाड़े से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। अब तो अधिकतम तापमान 33 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं रातें अभी भी सर्द हैं। न्यूनतम तापमान 16 डिग्री के ईर्द गिर्द होने के कारण लोगों को वायरल में अपनी गिरफ्त में ले लिया है। इन दिनों जिला अस्पताल की ओपीडी में सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज अधिक आ रहे हैं।

## बदमाश घर में घुसकर ले गए नगदी सहित सोने चांदी के जेवर, मंदिर के गेट के पास से बाइक चोरी

**नर्मदापुरम।** शहर के ईदगाह फाटक के पास कब्रिस्तान रोड पर एक घर में घुसकर बदमाशों ने सोने के मंगलसूत्र, अंगूठी और नगदी सहित लगभग 15 हजार रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस के अनुसार भगवान दास के घर से बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। शनिवार को यह घटना हुई। अब पुलिस जांच कर रही है। इसके साथ ही हिंगलाज देवी मंदिर गेट के पास से फरियादी बृजमोहन की अज्ञात बदमाशों ने हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जेड ई 5044 लेकर रफू चक्कर हो गए । दोनों ही मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कलेक्टर ने किया एपीएम का दौरा

नर्मदापुरम। मंगलवार को कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा प्रतिभूति कागज़ कारखाने का दौरा किया गया। उनके साथ एडीएम राजीव रंजन पांडेय भी उपस्थित रहे। मिल के एजीएम अमित कुमार द्वारा उनका स्वागत किया गया।

## बारहवीं की परीक्षा में 107 परीक्षार्थी नहीं पहुंचे परीक्षा देने...

# बोर्ड परीक्षाओं का महाकुंभ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का महाकुंभ मंगलवार से जिले में शुरू हो गया। पहले दिन अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र संपन्न हुआ। परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में आयोजित की गई, कहीं से भी नकल का कोई मामला सामने नहीं आया। जिले में आयोजित परीक्षा में नियमित एवं स्वाध्यायी मिलाकर कुल 10,401 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 10,294 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 107 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### 45 नियमित और 62 प्राइवेट परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 9,437 नियमित परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 9,392 उपस्थित हुए और 45 अनुपस्थित रहे। वहीं, 964 प्राइवेट (स्वाध्यायी) परीक्षार्थियों में से 902 ने परीक्षा दी, जबकि 62 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल जैमर लगाए गए थे। परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा सतत निगरानी रखी गई।



# नपा की पहलः आवारा कुत्तों के लिए 28 लाख से बनेगा डॉग शेल्टर होम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




जिला मुख्यालय पर बढ़ता आवारा कुत्तों का आंतक अब आमजनों को नुकसान पहुंचा रहा हैं । हालांकि इन आवारा कुत्तों से निजात दिलाने नपा ने पहल की है। अब नगर पालिका नर्मदापुरम शहर की गलियों में घूमने वाले आवारा कुत्तों के लिए 28 लाख की लागत से डॉग शेल्टर होम बनाने की तैयारी कर रही है।

शेल्टर होम के लिए नगरपालिका की टीम ने जगह भी चिह्निनत कर ली गई है। एचएसटीपी प्लांट के पास खाली जगह में इस भवन का निर्माण किया जाएगा। जहां पर आवारा कुत्तों को रखा जाएगा। अभियान प्रभारी अधिकारी उपयंत्री दीक्षा तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नागरिकों को आवारा कुत्तों से सतर्क करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। आवारा डॉग्स को रखने के लिए 28 लाख रुपए की लागत से डॉग आश्रय गृह भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा प्रभारी अधिकारी के रूप में स्वच्छता निरीक्षक अनुराग को नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वेटनरी डाक्टर्स की मदद से आवारा कुत्तों के लिए वैक्सीनेशन की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। डॉग केचर वाहन नपा का तैयार है।

## खबर संक्षेप



### रेत, गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे 2 वाहन जब्त

**बैतूल**। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खनिज विभाग द्वारा 10 फरवरी को खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन दौरा कर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान खनि निरीक्षक बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ मुलताई क्षेत्रांतर्गत ग्राम दुनावा के समीप से खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 1 वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 28 एडी 1922 को जप्त कर पुलिस चौकी दुनावा की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। वहीं मुलताई के सांईखेड़ा क्षेत्र से खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 1 वाहन डम्पर क्रमांक एमपी 04 एचई 574& को जप्त कर पुलिस थाना सांईखेड़ा की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। उल्लेखनीय है कि खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए कार्यवाही लगातार जारी है। उपरोक्त अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर प्रकरणों को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

### बृजभूषण पांडे बने जिला संगठन महासचिव

**बैतूल**। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से जिला स्तर पर संगठन महासचिवों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में बैतूल जिले में जिला संगठन महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता बृजभूषण पांडे को सौंपी गई है। नियुक्ति आदेश प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री एवं संगठन प्रभारी डॉक्टर संजय कामले द्वारा जारी किया गया है। साथ ही प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन उपरांत बैतूल जिला अंतर्गत नवीन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति भी तत्काल प्रभाव से की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निलय डागा की अनुशंसा पर जारी सूची के अनुसार ब्लॉक आमला से विजेन्द्र भावसार, सारणी से बटेश्वर भारती, सारणी ग्रामीण से ललीत यादव तथा बोरदेही से महेश यादव को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पत्र में अपेक्षा व्यक्त की गई है कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, श्रीमती सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी की मंशा के अनुरूप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों, सिद्धांतों और संगठनात्मक अनुशासन के अनुसार कार्य करते हुए संगठन को ब्लॉक और जिला स्तर पर मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नियुक्तियों के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। बधाई देने वालो में कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, पूर्व विधायक डॉ पीआर बोडखे, प्रताप सिंग, धरमू सिंग सिरसाम, अजय सोलंकी आमला आदि शामिल है।

### प्राचीन शिव मंदिर में 19 फरवरी को होगा रुद्राभिषेक

**बैतूल**। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम आखतवाड़ा में महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर खेड़ी से उत्तर दिशा में लगभग एक किलोमीटर दूर आखतवाड़ा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 19 फरवरी को प्रातः 9 बजे से रुद्राभिषेक किया जाएगा। भंडारा समिति के समर पटेल व संदीप राजपूत ने बताया कि पं नितिन मिश्रा द्वारा रुद्राभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात महाआरती संपन्न होगी। इसके बाद भंडारा प्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजन में आसपास सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होंगे। समिति के सदस्य गोकुल सिंह चौहान, मोहन पटेल, हंसराज पटेल व करम पटेल ने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रुद्राभिषेक व भंडारा प्रसादी का लाभ लें।

### पुलिस ने चोरी का माल किया बरामद, आरोपियों को भेजा जेल

# सूने मकानों में चोरी करने वाली महिला आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



कोतवाली पुलिस ने सूने मकानों में चोरी करने वाली & महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चोरी का माल बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी कर आरोपियों को जिला जेल भेज दिया गया। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार & नवंबर 2025 को फरियादी भवानी प्रसाद पिता स्व. गंगाप्रसाद मालवीय, (67) निवासी वार्ड नंबर 10 कृष्णपुरा टिकारी, बैतूल ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनके सूने मकान से अज्ञात चोरों द्वारा मकान का ताला तोडक़र पुराने इस्तेमाली सोने-चांदी के जेवरात, चांदी के सिक्के, सोने की चेन, मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, मोती, चांदी की पायल, करधन, 4& इंच एलजी कंपनी का टीवी एवं अन्य गृहस्थी का सामान चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर धारा &&1(4), &05(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान चोरी गए माल की लगातार तलाश-पतारसी करते हुए ओझाढाना गंज बैतूल क्षेत्र की संदिग्ध महिलाओं को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह कबाड़ बिनते समय टिकारी क्षेत्र में एक मकान पर कई दिनों से ताला लगा देख, &1 अक्टूबर की रात्रि में फरियादी के मकान का ताला तोडक़र चोरी की गई। पुलिस ने आरोपीगण को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी कर आरोपियों को जिला जेल भेजा गया।

#### आरोपियों के पास से पुलिस ने बरामद किया सामान

पुलिस ने आरोपी ग्रेशी उर्फ निशा से एलजी कंपनी की एलईडी टीवी, पीतल की परात, घघरी, कुकर, पीतल की कड़ाही, चांदी के 05 सिक्के, सोने जैसी धातु का पेंडल, झालर वाली चांदी की पायल की जोड़ी, आरोपी संजना उर्फ नागिन से झ्र तांबे का लोटा, पीतल की परात, सोने की अंगूठी, सोने जैसे 06 मोती, चांदी का करधन, चांदी के 04 सिक्के और आरोपी सुनिता उर्फ टकली से मिक्सी, जर्मन की कड़ाही, सोने की अंगूठी, चांदी के 04 सिक्के बरामद किये। इस कार्रवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उनि बसंत अहके, उनि छत्रपाल धुर्वे, प्र.आर. शिवकुमार, प्र.आर. तरुण पटेल, म.प्र.आर. ललिता इवने, आरक्षक उज्जवल दुबे, निर्भया टीम म.आर. ज्योति की सराहनीय भूमिका रही।

## चोरी के पांच आरोपी गिरफ्तार, 7.50 लाख का मशरूका बरामद



**सारणी**। पुलिस ने चोरी के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 7.50 लाख का मशरूका जब्त किया है। पुलिस ने यह कार्रवाही पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं एसडीओपी सारणी सुश्री प्रिंयका करचाम के मार्गदर्शन में की है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 2 फरवरी को फरियादी सतीश पिता दयाराम धुर्वे (&8) निवासी सतपुड़ा आईटीआई के पास थाना सारणी ने रिपोर्ट की थी कि 1 फरवरी की रात करीब 1.00 बजे उसने अपने सूने घर के सीसीटीवी कैमरे चेक किया, जिसमें दो चोर उसके घर के अंदर घुसकर चोरी करते दिखे। फरियादी अपने घर आया, तब तक अज्ञात चोर उसके घर में रखे एक सोने का गले का हार, एक जोड़ी सोने के कंगन, एक जोड़ी सोने के कान के झुमके, एक चांदी का कमरबंद, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी चांदी की बिछिया, चांदी के सिक्के, 05 हाथ घड़ी और नगदी 01 लाख 05 हजार रुपए अज्ञात चोर चोरी कर ले गए, जिस पर थाना सारणी में धारा &05(ए),&&1(4) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी अनुराग पिता कुंजीलाल पस्तारिया (5&) निवासी ग्राम भारकछ्यछ थाना बरेली जिला रायसेन हाल पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नर्मदापुरम से पूछताछ करने पर बताया कि उसके साथ उसके साथ प्रवीण लांजीवार और कासिफ खान ने मिलकर फरियादी से घर से जेवरात चोरी करके अपने साथ ले गए थे। मुख्य आरोपी कासिफ उर्फ सोहेल खान और प्रवीण लांजीवार को मंडीदीप रायसेन से गिरफ्तार किया, एवं जप्तशुदा सोने के गहने प्रवीण की मां चंद्रकला लांजीवार से एवं चांदी के जेवर यूसुफ उर्फ बिट्टू खान से जप्त कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपियों को 9 फरवरी को गिरफ्तार किया एवं जिन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। आरोपिया चंद्रकला से एक सोने का गले का हार, एक जोड़ी सोने के कंगाल, एक जोड़ी सोने के कान के झुमके, अनुराग से एक चांदी का कमरबंद, तीन जोड़ी चांदी की बिछिया, एक जोड़ी चांदी के कड़े, चांदी का सिक्का, और घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटर साइकिल और यूसुफ उर्फ बिट्टू से एक चांदी का कमरबंद, एक जोड़ी चांदी की मोटी पायल, एक जोड़ी चांदी की पायल, और कासिफ उर्फ सोहेल की यामाहा एफजेड मोटर साइकिल,04 मोबाइल फोन और 2 हाथ घड़ी जब्त की गई। उक्त प्रकरण में थाना प्रभारी जयपाल इनवाती, निरीक्षक आबिद अंसारी अंगुल चिन्ह विशेषज्ञ, उनि मनोज उईके चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा, उनि नितिन उईके, प्रआर श्रीराम उईके, सुभाष मंडलोई, राकेश करपे, मोहित भाटी, रवि मोहन दरसिमा,लक्ष्मी कश्यप, सायबर सेल से आरक्षक राजेंद्र, दीपेंद्र और बलराम की सराहनीय भूमिका रही।

### सार्वजनिक स्थान पर चाकू लेकर घूम रहा आरोपी धराया

**बैतूल**। कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर चाकू लेकर घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दरअसल पुलिस सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति चक्कर रोड पेट्रोल पंप के पास हाथ में लोहे का धारदार चाकू लेकर घूम रहा है। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को हाथ में लोहे का धारदार चाकू लिए हुए पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सन्नी उर्फ संदीप धुर्वे, पिता स्व. विसराम धुर्वे, उम्र 20 वर्ष, निवासी हिवरखेड़ी बताया। आरोपी के कब्जे से 01 लोहे का धारदार चाकू विधिवत गवाहों की उपस्थिति में जप्त किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### नकल की कोई शिकायत नहीं

## 12वीं बोर्ड परीक्षा की शांतिपूर्ण शुरुआत, केंद्रों पर रही सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा



माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट (12वीं) मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 की शुरुआत मंगलवार 10 फरवरी को शाहपुर विकासखंड में शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में हुई। पहले दिन परीक्षा सभी केंद्रों पर समय पर शुरू हुई और बिना किसी बाधा के संपन्न कराई गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी, शाहपुर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष विकासखंड में कुल छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 7&9 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 7&1 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्र-वार स्थिति पर नजर डालें तो शासकीय संदीपनी विद्यालय, शाहपुर में सभी 171 पंजीकृत परीक्षार्थी उपस्थित रहे और यहां अनुपस्थिति शून्य रही। शासकीय कन्या उद्यचतर माध्यमिक विद्यालय, शाहपुर में 181 में से 179 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2 अनुपस्थित रहे। शासकीय बालक उद्यचतर माध्यमिक विद्यालय, भौंरा में 174 में से 17& परीक्षार्थी उपस्थित पाए गए और 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। शासकीय उद्यचतर माध्यमिक विद्यालय, धपाड़ा में 82 में से 80 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 2 अनुपस्थित रहे।

शासकीय उद्यचतर माध्यमिक विद्यालय, बीजादेही में 50 में से 49 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 1 अनुपस्थित पाया गया। इसी तरह शासकीय उद्यचतर माध्यमिक विद्यालय, केसिया में 81 में से 79 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर केंद्राध्यक्ष, कक्ष निरीक्षक और उडऩदस्ता दल मौजूद रहे। परीक्षा कक्षों में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की जांच, उपस्थिति की पुष्टि और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया गया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं ठीक पाई गईं। शिक्षा विभाग के अनुसार किसी भी परीक्षा केंद्र से नकल, अनुचित साधनों के उपयोग या अव्यवस्था की कोई शिकायत सामने नहीं आई। परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिससे परीक्षार्थियों को बिना किसी तनाव के परीक्षा देने का अवसर मिला।

### हत्या के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल**। पुलिस ने हत्या के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 17 दिसंबर 2025 को विवेक पिता भगवान मरकाम, निवासी कालापाठा ने थाना गंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह सागौन बाबा बगिया में पूजा-पाठ करने गया था। उसी दौरान आरोपी अन्नु ठाकुर, अविनाश ठाकुर, आयुष, कपालसिंह, रोहित, जुनैद, कुणाल एवं अन्य साथी उसके पास आए। अन्नु ठाकुर द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर फरियादी को धमकाते हुए चाकू दिखाकर जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाया गया तथा चुन्नीढाना के सामने ले जाकर सभी आरोपियों ने एक राय होकर गाली-गलौच करते हुए रॉड एवं पत्थरों से मारपीट की, जिससे फरियादी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे जिला चिकित्सालय बैतूल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। फरियादी की मृत्यु होने पर प्रकरण में धारा 10&(1) बीएनएस का इजाफा किया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुनील लाटा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गंज निरीक्षक नीरज पाल के नेतृत्व में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। प्रकरण में पूर्व में आरोपी अन्नु उर्फ अनिकेत पिता कृपालसिंह ठाकुर उम्र 27 वर्ष निवासी चुन्नीवाना, जुनैद उर्फ काला पिता इनायत अली उम्र 18 वर्ष निवासी उमरी, कृपालसिंह ठाकुर पिता शिवलाल सिंह ठाकुर उम्र 62 वर्ष निवासी चुन्नीढाना एवं दो विधि विरुद्ध अपचारी बालकों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। वहीं 9 फरवरी को फरार आरोपी जतिन उर्फ पासी पिता संदीप रागडे उम्र 19 वर्ष निवासी दुर्गा वार्ड, मुर्गी चौक को गिरफ्तार किया गया है।

## भाजपा आजीवन सदस्यता निधि अभियान को मिला नया नेतृत्व

### उपेंद्र पाठक संयोजक व निलेश चावरिया सहसंयोजक मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा संचालित आजीवन सदस्यता निधि अभियान के अंतर्गत नगर मंडल मुलताई में संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गई हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार द्वारा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू की सहमति से उपेंद्र पाठक को संयोजक एवं निलेश चावरिया को सहसंयोजक के पद पर मनोनीत किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया कि संगठन को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से यह मनोनयन किया गया है। आजीवन सदस्यता निधि अभियान भाजपा का एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक अभियान है, जिसके माध्यम से पार्टी की वैचारिक मजबूती के साथ-साथ संगठनात्मक संसाधनों का विस्तार किया जाता है। जिला संगठन नेतृत्व ने दोनों पदाधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए अपेक्षा व्यक्त की है कि उनके अनुभव, निष्ठा, संगठन के प्रति समर्पण और सक्रिय कार्यशैली से नगर मंडल मुलताई में संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। साथ ही अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को भाजपा की विचारधारा से जोड़ते हुए संगठन विस्तार को नई दिशा मिलेगी। नवनियुक्त संयोजक उपेंद्र पाठक ने संगठन नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### समिति को विश्वास में लिए बिना हुई कार्रवाई पर सवाल, विभाग ने बताया नियमों के तहत

## चिकली रैयत में बिना सूचना पेड़ों की कटाई



**भौंरा**। चूनाहजूरी रेंज अंतर्गत चिकली रैयत क्षेत्र में पेड़ों की कटाई को लेकर ग्रामीणों और वन विभाग के बीच तनाव की स्थिति बन गई है। वन सुरक्षा समिति और ग्रामवासियों का आरोप है कि समिति, उसके पदाधिकारियों और ग्रामसभा को बिना पूर्व सूचना दिए ही समिति क्षेत्र में पेड़ों की कटाई की गई, जिससे गांव में असंतोष और अविश्वास का माहौल पैदा हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए समिति पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर को आवेदन सौंपकर पूरे प्रकरण की जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल उनके जीवन से सीधे जुड़ा हुआ है। जब अचानक कटाई शुरू हुई और किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई, तो स्वाभाविक रूप से लोगों में नाराजगी फैल गई। ग्रामीण जीवन यादव ने कहा कि यदि कटाई नियमों के अनुसार है, तो समिति और गांव को पहले क्यों नहीं बताया गया। दिनेश उईके का कहना है कि जानकारी के अभाव में ही शंका और आक्रोश पैदा हुआ है। वहीं ग्राम के लोगों ने कहा कि प्रशासन यदि समय रहते स्थिति को नहीं संभालता है, तो ग्रामीणों को मजबूरी में विरोध का रास्ता अपनाना पड़ सकता है। वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष रामकिशोर उईके ने स्पष्ट किया कि समिति कभी भी वैधानिक कार्य के खिलाफ नहीं रही है, लेकिन समिति क्षेत्र में बिना सूचना पेड़ों की कटाई किया जाना गलत है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों से अनुरोध किया गया था कि कटाई शुरू करने से पहले समिति को जानकारी दी जाए, इसके बावजूद समिति को अंधेरे में रखा गया। समिति सचिव ने कहा कि कटाई की वैधानिकता से अलग, संवाद और पारदर्शिता का अभाव ही पूरे विवाद की जड़ है।

वहीं वन विभाग ने समिति के आरोपों को खारिज करते हुए कटाई को वैधानिक प्रक्रिया बताया है। विभाग की ओर से एसडीओ भदोरिया ने कहा कि संबंधित क्षेत्र में पेड़ों की कटाई शासन के आदेशों के अनुसार की जा रही है और इसके लिए उद्यच स्तर से अनुमति प्राप्त है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्य निर्धारित परियोजना के अंतर्गत है, जिसकी अवधि पूर्ण होने के कारण कटाई की जा रही है। एसडीओ भदोरिया के अनुसार, इस प्रकार की कटाई पूरी प्रक्रिया नियमों के तहत संचालित की जा रही है।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को दिलाया भरोसा

# क्षेत्र की समस्याएं विधानसभा तक पहुंचेंगी: पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने मुलताई प्रवास के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि पवित्र नगरी मुलताई की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुलताई से जुड़े जनहित के मुद्दों को नेता प्रतिपक्ष के माध्यम से विधानसभा में भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। भोपाल से सौसर जाते समय नेशनल हाईवे पर शांभवी रिसोर्ट के सामने मुलताई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जीतू पटवारी एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे से मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की गंभीर समस्याओं से प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसएआर प्रक्रिया में हो रही कथित गड़बड़ियों की जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा झूठी शिकायतें कराकर मतदाताओं के नाम कटवाए जा रहे हैं, जिससे आम नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। पटवारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित स्तर पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

#### ट्रेन स्टॉपेज और ताप्ती सरोवर संरक्षण पर जोर

कार्यकर्ताओं ने मुलताई में ट्रेन स्टॉपेज की मांग तथा पवित्र ताप्ती सरोवर को गंदगी से बचाने के लिए बनाए गए सीवर लाइन प्रोजेक्ट की स्थिति से भी प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया। उन्होंने ताप्ती सरोवर की पवित्रता और संरक्षण को लेकर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। मुलताई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्थाओं और स्वास्थ्य सेवाओं में आ रही समस्याओं को लेकर भी कार्यकर्ताओं ने विस्तार से जानकारी दी। जीतू पटवारी ने कहा कि आम जनता के स्वास्थ्य से जुड़ी लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### संगठन मजबूत करने का आह्वान

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जनता के बीच उजागर करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता की आवाज बनकर हर स्तर पर संघर्ष करें। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेशनल हाईवे पर पहुंचकर जीतू पटवारी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. पी.आर. बोडख़े, संजय यादव, किशोर परिहार, सुमित शिवहरे, लोकेश यादव, कपिल खंडेलवाल, आशीष जैन, प्रहलाद ठाकुर, जीवन डोगरदिए, दिनेश आजाद, पंकज यादव, महेश परिहार, मनजीत गीद्द, चिंटू सोनी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जय बाघ देव बाबा मेले की शुरुआत



**शाहपुर**। नगर से बांका खोदरी मार्ग पर लगभग 4 किलोमीटर दूर ठानीखेड़ा ग्राम के सामने पहाड़ पर बाघदेव बाबा का दो दिवसीय मेला 10 फरवरी मंगलवार से प्रारंभ हुआ। मेला 12 फरवरी गुरुवार तक चलेगा। मेले के प्रथम दिवस हिंदू सम्मेलन समिति की मात्र शक्तियों के द्वारा कलश यात्रा बाबा बाघदेव पहाड़ी मंदिर तक गाजे बाजे के साथ निकाली गई। सभी मातृ शक्तियों ने बाबा का नाम लेकर पगडंडी वाले रास्ते से पहाड़ पर चोटी पर स्थित मंदिर में पहुंची। भजन गाकर बाबा की आरती पूजन की। इसके बाद लगभग एक क्विंटल हलुआ प्रसादी का वितरण किया गया। मेले में केवल भजन कार्यक्रम 10 फरवरी से शाम 6.00 बजे से 12 घंटे तक होंगे। जिसमें प्रत्येक भजन मंडल को 500 की राशि समिति के द्वारा दी जावेगी। मेला समिति के अध्यक्ष सुनील तिवारी और उपाध्यक्ष अंकित वर्मा, भक्त हेमराज वर्मा ने बताया कि बैलगाड़ी पट प्रतियोगिता का भी कार्यक्रम 11 फरवरी से प्रारंभ होकर 12 फरवरी तक चलेगा। जिसमें प्रथम दिवस की शुल्क 150 और द्वितीय दिवस का बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता टिकट शुल्क 200 होगा। जिसका प्रथम इनाम 5001 रुपए द्वितीय नाम &001 रुपए और तृतीय नाम 2001 रुपए है। प्रतियोगिता में 11 इनाम दिए जाएंगे। प्रथम दिवस का टिकट प्रथम दिवस ही मान्य होगा और द्वितीय दिवस का टिकट द्वितीय दिवस ही मान्य होगा। प्रतियोगिता के तुरंत बाद बैलगाड़ी का समय टिकट पर दर्ज कराना अनिवार्य है। समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। एक बैलजोड़ी पर एक ही इनाम दिया जावेगा। पट मैं स्वचालित घड़ी का उपयोग किया जावेगा। यह मेला ग्राम पंचायत कुंडी तहसील शाहपुर के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### पिपरिया में बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण हुई शुरू

**पिपरिया।** विकासखंड में माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से प्रारंभ हो गई हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीलाल रघुवंशी ने बताया कि वर्ष 2026 के लिए 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं एक साथ आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा की शुरुआत 10 फरवरी को कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय के प्रश्नपत्र से हुई। नकल रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे, वीडियो ग्राफी, फ्लाइंग स्क्वॉड और कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पिपरिया ब्लॉक में 1466 रेगुलर परीक्षार्थी बैठे जिसमें से 1461 ने परीक्षा दी, 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं प्रायवेट 179 परीक्षार्थियों में से 172 ने परीक्षा दी और 7 अनुपस्थित रहे। नियमित और स्वाध्यायी मिलाकर 1645 परीक्षार्थी में से 1633 ने परीक्षा में प्रश्नपत्र हल किया, 12 अनुपस्थित रहे।

### इटारसी: तिलक सिंदूर मंदिर प्रांगण में मेला



**इटारसी।** तिलक सिंदूर मंदिर प्रांगण में 14 से 16 फरवरी तक भव्य मेला आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भगवान भोलेनाथ की शिवलिंग की पूजा-अर्चना और अभिषेक के लिए लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं।व्यवस्था का जायजा लेने पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस. थोटा, एसडीएम निलेश शर्मा, एसडीओपी वीरेंद्र सिंह मिश्रा, पथरोटा थाना प्रभारी संजीव पवार सहित मेला समिति अध्यक्ष नारायण बाबरिया, मीडिया प्रभारी विनोद वारिवा, हरिकिशोर मेहतो और पीडब्ल्यूडी कैलाश वीलिया मौके पर उपस्थित हुए। उन्होंने मेला प्रांगण, वाहन पार्किंग, स्टैंड और आने-जाने वाली सड़कों का निरीक्षण किया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित की।

### जनसुनवाई में हुई 89 आवेदनों पर सुनवाई



**नर्मदापुरम।** कलेक्ट्रेट में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। अपर कलेक्टर अनिल जैन ने 89 आवेदनों पर सुनवाई कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। पानी निकासी, वृद्धावस्था पेंशन, अतिक्रमण, सीमांकन व राजस्व समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई का आदेश दिया गया।

---

मिशन कर्मयोगी: राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए 14 घंटे का अनिवार्य कोर्स

# श्रम योगी मानधन योजना में शिविर लगाकर पंजीयन करवाने के निर्देश

**नर्मदापुरम संभाग के कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के नर्मदापुरम, हरदा एवं बैतूल जिलों की प्रशासनिक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से नर्मदापुरम, हरदा एवं बैतूल जिले के कलेक्टर को निर्देश दिए कि वे श्रम विभाग के माध्यम से शिविर आयोजित कर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। बताया गया कि 15 हजार से कम मासिक आय वाले 40 वर्ष की आयु तक के व्यक्तियों का इसमें पंजीयन सुनिश्चित किया जाएगा। कमिश्नर ने निर्देश दिए की इस योजना के अंतर्गत तेंदूपत्ता श्रमिक, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का भी पंजीयन किया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन योजना का व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाए। सभी सार्वजनिक जगहों पर बैनर और पोस्टर लगाकर लोगों को योजना के प्रति जागरूक किया जाए और इस योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराया जाए।

### 14 घंटे का अनिवार्यत कोर्स करने के निर्देश दिए

कमिश्नर ने मिशन कर्मयोगी के तहत शासन के निर्देशानुसार सभी राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारियों को 14 घंटे का अनिवार्यतः कोर्स करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी कोर्स करके प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत अब तक प्राप्त आवेदनों एवं आवेदनों के निराकरण की स्थिति की अदयतन समीक्षा की और निर्देश दिए की जिले की जिन ग्राम पंचायतो एवं शहरी क्षेत्र के वार्डों से तथा अभियान के अंतर्गत संलग्न किसी भी विभाग की योजना से संबंधित यदि आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं तो उसकी सूक्ष्मता से समीक्षा की जाए। उन्होंने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह ऐसी ग्राम पंचायत, शहरी क्षेत्र के वार्ड एवं उन विभागों का अनिवार्यता परीक्षण कर ले जिससे संबंधित कोई भी आवेदन अब तक प्राप्त नहीं हुए हैं। उल्लेखनीय है कि संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत 16 विभाग की 65 सेवाएं शामिल की गई है। नर्मदापुरम जिले में इस अभियान के अंतर्गत अब तक 25 हजार 803 आवेदन प्राप्त हुए हैं, वही हरदा जिले में 22 हजार एवं बैतूल जिले में 68 हजार 772 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर निराकरण की स्थिति की जानकारी संकल्प से समाधान पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए। कमिश्नर ने बैंक आधारित विभाग कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उघानिकी, एमएसएमई, जनजाति कार्य विभाग, अनुसूचित जाति विकास विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग की योजनाओं की समीक्षा की और निर्देश दिए की इन विभागों की जो योजनाएं बैंक स्वीकृति के लिए लगी है उन सभी में बैंक स्वीकृति अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाए और संबंधित हितग्राहियों को बैंक से स्वरोजगार के लिए ऋण राशि प्राथमिकता से दिलाई जाए। बताया गया कि भगवान बिरसा मुंडा योजना, टंट्या मामा योजना, संत रविदास एवं डॉ भीमराव अंबेडकर योजना में हितग्राहियों को लक्ष्य के अनुरूप प्राथमिकता से स्वरोजगार के लिए ऋण राशि दिलाई गई है। कमिश्नर ने निजी क्षेत्र में कस्टम हायरिंग केंद्र स्थापित करने के संबंध में आवश्यक जानकारी ली।

बताया गया कि नर्मदापुरम में 14 हरदा में 15 एवं बैतूल में 18 कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए बैंक द्वारा ऋण राशि स्वीकृति की गई है। कमिश्नर ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त प्रकरणों को अटेंड करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रकरण प्राथमिकता से अटेंड कर उनका निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रकरणों के नान अटेंडेंट की प्रक्रिया मान्य नहीं है। उन्होंने संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि के प्रकरण की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने सख्त हिदायत दी की संबल योजना के अंतर्गत प्राप्त अनुग्रह सहायता राशि के आवेदन किसी भी स्थिति में पेंडिंग ना रहे। सभी आवेदनों का परीक्षण कर पात्रता अनुसार सभी आवेदन स्वीकृत करते हुए प्राथमिकता से सहायता राशि हितग्राहियों को दिलाई जाए।

---

# भारत गैस के सीएससी पर पकड़ाए सिलेंडर मामले में जांच स्थिति अब भी अज्ञात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर


जिला प्रशासन को भेजा जाएगा संबंधितों पर जुर्माने का प्रस्ताव

दो सीएससी से मिले खाली व भरे सिलेंडर मामले में होगी कार्रवाई

घरेलू गैस से भरे एलपीजी के 15 भरे तथा सात खाली सिलेंडर बीते दिनों मिले थे। मामले में स्थानीय प्रशासन अब जिला प्रशासन को जुर्माने की कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने की तैयारी कर रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में गत दिनों दो सीएससी सेंटर पर जांच दौरान प्रशासन को एलपीजी के 15 भरे तथा सात खाली सिलेंडर मिले थे। मामले में स्थानीय प्रशासन जिला प्रशासन को जुर्माने की कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने की तैयारी कर रहा है। हरिभूमि प्रतिनिधि ने मामले में गुरुवार को सोहागपुर जेएसओ अमित साहू से चर्चा की। साहू ने बताया कि सोहागपुर शहर में आदर्श भारत गैस एजेंसी शोभापुर के दो सीएससी सेंटर हैं। बीडीए श्रेणी का एक सेंटर लक्ष्मी नारायण मालवीय के नाम से तथा ऊर्जा देवी श्रेणी का एक सेंटर पुष्पा मालवीय के नाम से है। जेएसओ अमित साहू के अनुसार दोनों सेंटर एक ही परिसर में संचालित किया जा रहे हैं, जो कि आपत्तिजनक है तथा नियमानुकूल नहीं है। साहू के अनुसार दोनों सेंटर्स पर 15 भरे सिलेंडर तथा सात खाली सिलेंडर मिले हैं। मामले में शासकीय नियमों के अनुसार व एलपीजी से जुड़े अधिनियमों के अंतर्गत कार्रवाई आगामी समय में किए जाने की जानकारी साहू ने दी है।

मिली अतिरिक्त गैस

जेएसओ अमित साहू के अनुसार किसी भी एक केंद्र पर नियमानुसार अधिकतम 100 किलो तक एलपीजी गैस रखने की परमीशन जा सकती है। लेकिन इन दोनों केंद्रों पर 213 किलोग्राम गैस पाई गई है। अतिरिक्त गैस मिलने पर एलपीजी भंडारण नियमों तथा विस्फोटक सामग्री अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। साहू ने बताया कि एक ही परिसर में संचालित दोनों सीएससी सेंटर पर कुल 61 हजार 555 रुपये की सामग्री पाई गई है। जिसमें भरे सिलेंडर्स की गैस सहित कीमत 46 हजार 155 रुपये है। जबकि खाली सिलेंडर्स की कीमत 15 हजार 400 रुपये है। अतः संभव है कि जितनी राशि की सामग्री पाई गए है, उतनी ही राशि के जुर्माने की कार्रवाई संबंधित गैस एजेंसी पर की जा सकती है। उल्लेखनीय है की जांच कार्रवाई के दौरान सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी, तहसीलदार आरके झरबड़े तथा एसडीओपी संजू चौहान उपस्थित थे।

सोहागपुर ब्लॉक के शोभापुर गांव में भारत गैस एजेंसी का कार्यक्षेत्र है। जिसके दो सीएससी सोहागपुर में एक ही परिसर में संचालित होते रहे हैं। गत दिनों इन सीएससी पर 15 भरे व सात खाली सिलेंडर अधिकारियों ने पकड़े थे। जांच प्रतिवेदन ब्लॉक से जिला प्रशासन को भेजा गया। लेकिन मामले में हुई कार्रवाई की स्थिति से जनता अनभिज्ञ है। सोहागपुर एवं शोभापुर क्षेत्र के रहवासियों के अनुसार प्रशासन की कार्रवाई को सार्वजनिक करना चाहिये। ताकि लोगों में नियमों के प्रति जागरूकता हो। साथ ही गलत कार्य करने वालों में इस बात का भय व्याप्त हो कि शासकीय नियमानुकूल कार्य ना करने पर प्रशासनिक कार्रवाई का सामना करना पड़ता है। लेकिन भारत गैस एजेंसी मामले में जो प्रशासनिक चुप्पी छाई है, उस पर नागरिकों ने सवाल खड़े किए हैं। वहीं आदर्श भारत गैस एजेंसी शोभापुर तथा सोहागपुर नगर में संचालित कस के बीच अनुबंध पर भी नागरिकों ने संदेह जताया है।

### जनता के सवाल

सोहागपुर एवं शोभापुर क्षेत्र के नागरिकों का सवाल है कि एक ही परिसर में दो सीएससी कैसे संचालित की जा सकती हैं। एक ही परिवार में दो सीएससी अर्थात ग्राहक सुविधा केंद्र कैसे प्रदान किये जा सकते हैं। क्या इनके अनुबंध प्रति 11 माह के उपरांत नियमानुसार रिन्यू होते हैं अथवा नहीं। यदि अनुबंध रिन्यू नहीं किए जाते हैं तो प्रशासन क्या कार्रवाई करता है। नागरिकों की मांग है कि गत दिनों एक परिसर से जप्त किए गए खाली व भरे सिलेंडर्स के मामले में जांच तथा कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक की जाए। साथ ही जनता की मांग है कि शोभापुर क्षेत्र में भारत गैस एजेंसी के गोदाम की भी जांच की जाए। क्या यह आबादी क्षेत्र में संचालित किया जा रहा है अथवा कहीं और। सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र के सभी रसोई गैस वितरकों के गोदाम एवं वितरण केंद्रों की जांच की मांग नागरिकों ने अब सीधे नर्मदापुरम जिला कलेक्टर से की है।


---

उप्र के सूरजकुंड मेले में हुई दुर्घटना उपरांत एसडीएम ने मांगा झूले वालों से सर्टिफिकेट

# महाशिवरात्रि मेले के आयोजन में 'सेफ्टी सर्टिफिकेट' को लगाने पर ही मिलेगी झूला लगाने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

इस वर्ष के महा शिवरात्रि मेले में झूले लगाने के पहले झूला संचालक को 'सेफ्टी सर्टिफिकेट' लेना होगा। इसके आदेश गत दिनों सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने जारी किए हैं। जिसके बाद से झूला संचालक चिंतित हैं। एसडीएम प्रियंका भल्लावी से मंगलवार को हरिभूमि संवाददाता ने चर्चा की। भल्लावी ने बताया कि उन्होंने लोक निर्माण विभाग के पिपरिया सब डिवीजन एसडीओ को उक्त आशय का पत्र लिखा है। जिसमें उल्लेख है कि झूलों के लिए लाई गई सामग्री का पूर्ण निरीक्षण करें। निरीक्षण में देखा जाए कि झूला लगाने योग्य है अथवा नहीं। इसके बाद लोनिवि एसडीओ की ओर से झूला संचालक को सेफ्टी सर्टिफिकेट



जारी किया जाएगा। इस सर्टिफिकेट के बाद ही झूला लगाने की अनुमति संचालक को दी जाएगी। अन्यथा इस बार क्षेत्रवासी महा शिवरात्रि मेले में झूले के आनंद से वंचित हो सकते हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि जो भी निर्णय लिया गया है, वह जन सुरक्षा के लिये अति महत्वपूर्ण है।

### लगाएं नए नट, बोल्ट व वॉशर

सोहागपुर नप उपयंत्री बृजेश खानोरकर ने भी महा शिवरात्रि मेले में झूले लाए संचालकों से कहा है कि वे झूला सामग्री में नए नट, बोल्ट व वॉशर लगाएं। घिसे, पुराने तथा कटे हुए नट एवं बोल्ट ना लगाए जाएं। झूले के कसाव दौरान इसकी सूचना संचालकों को नगर परिषद को देनी होगी। ताकि उपयंत्री व अन्य तकनीकी जानकार इसका निरीक्षण कर सकें और जनता की सुरक्षा के लिये आवश्यक सुधार के निर्देश दे सकें।

**दुर्घटना के बाद सचेत**

उल्लेखनीय है कि सात फरवरी 2026 को उत्तर प्रदेश में फरीदाबाद के सूरजकुंड मेले में झूला पलटने से कई लोग चोटिल लोग गए थे। वहीं पुलिस के एक अधिकारी की झूले के नीचे दबने से मृत्यु हो गई थी। अन्य मेलों में भी झूलों के पलटने से दुर्घटनाएं होने की सूचनाएं लगातार मिल रही हैं। जिसके बाद स्थानीय प्रशासन बहुत सचेत है कि कहीं किसी तरह की कोई भी अप्रिय दुर्घटना महाशिवरात्रि मेला दौरान ना हो। अतः जन सुरक्षा के भाव से प्रशासनिक अधिकारियों ने इस बात का निर्णय लिया है कि झूले व इस तरह की अन्य सामग्री को महाशिवरात्रि मेले में लगाने से पूर्व वेरिफिकेशन कराया जाए। तथा इसके बाद संचालकों को सेफ्टी सर्टिफिकेट लेने होंगे।

---


पग-पग पर किया जगद्गुरु शंकराचार्य का अभिनंदन

# करनपुर ग्राम में देव प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव में सम्मिलित हुए शंकराचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदाशंद सरस्वती मंगलवार सुबह सोहागपुर पहुंचे। जहां पग-पग पर उनका जन अभिनंदन किया गया। सोहागपुर से शंकराचार्य ग्राम करनपुर रवाना हुए, जहां उनके सिनिध्य देव प्राण प्रतिष्ठा उत्सव प्रारंभ हुआ है।

श्री देव प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजक समाजसेवी हरगोविंद पुर्विया ने बताया कि पांच फरवरी से ग्राम करनपुर में धार्मिक आयोजन जारी है। जिसमें कथा आयोजन किया गया है। वहीं मंगलवार को जगद्गुरु शंकराचार्य भी आयोजन में पहुंचे तथा उन्होंने जनसमूह को आशीर्वाद दिया है। उल्लेखनीय है कि पुर्विया परिवार द्वारा ग्राम करनपुर में निजी भूमि पर भव्य मंदिर निर्माण



किया है। जिसमें विविव देव प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव जारी है। हरगोविंद पुर्विया ने बताया कि 11 फरवरी को भंडारा आयोजन के साथ धार्मिक आयोजन का समापन होगा।

### दिए आशीर्वचन

पुर्विया परिवार करनपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार जगद्गुरु शंकराचार्य ने गांव में दोपहर तीन बजे के बाद आशीर्वचन दिये।

कथा स्थल पर पहुंचे जगद्गुरु शंकराचार्य ने सनातन धर्म के सिद्धांतों, धर्म प्रतीकों एवं भारत के सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा का आह्वान उपस्थित जनों से किया। हरगोविंद पुर्विया ने बताया कि बुधवार दोपहर भी क्षेत्रवासियों को जगद्गुरु शंकराचार्य के आशीर्वचन प्राप्त होंगे। बुधवार को धार्मिक आयोजन का समापन होगा।

---

# एसटीआर क्षेत्र में बाघों की दस्तक से दहशत, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से सटे ग्राम पंचायत समनापुर के वारीदेबी और झिरिया गांव में बाघों की मौजूदगी से दहशत का माहौल है। क्षेत्र में पहली बार बाघ द्वारा इंसान के शिकार की पुष्टि होने के बाद वन विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मटकुली मार्ग पर झिरिया गांव में हुए हमले के बाद भी ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। घटना से आक्रोशित गांववासियों, कांग्रेस और आदिवासी विकास विभाग ने चक्का जाम किया। पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग के बीच फिलहाल 8 लाख रुपये देने की घोषणा की गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि बाघ घर के अंदर से व्यक्ति को घसीटकर ले गया, जिससे लोग घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। आसपास अन्य बाघों की मौजूदगी की आशंका जताई जा रही है। वन विभाग ने चार बाघों की कैमरा ट्रैप तस्वीरें साझा कर गश्त बढ़ाने की बात कही है, लेकिन ग्रामीण अब भी भय में जी रहे हैं।

---

# पिपरिया नहर शाखा संभाग में भ्रष्टाचार को बढ़ावे का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नहर शाखा संभाग सोहागपुर में पदस्थ श्रमिक प्रेम नारायण राय को नियमों की अनदेखी कर अकुशल से सीधे कुशल श्रमिक बनाए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कार्यपालन यंत्री प्रतिभा सिंह और एसडीओ अजय सिंह की मिलीभगत से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया। शासन के नियमों के अनुसार अकुशल श्रमिक को 10 वर्ष में अर्द्धकुशल और अगले 10 वर्ष में कुशल श्रमिक बनाया जाना चाहिए, लेकिन यहां अर्द्धकुशल श्रेणी को नजरअंदाज कर 2014 से ही कुशल श्रमिक का वेतन दिया जा रहा है। इस मामले में मोहन सिंह चौहान ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी, जिसे निजी बताकर देने से इनकार किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री से जांच की मांग करते हुए पैदल मुख्यमंत्री निवास तक पहुंचने की घोषणा की है। वहीं नहर सफाई कार्यों में करोड़ों के भुगतान के बाद नहरों की बदहाली के आरोप भी लगाए गए हैं। एसडीओ अजय सिंह ने आरोपों को निराधार बताया है।

---

# नर्मदापुरम को पहली पारी में बढ़त के लिए 160 रन चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता महाराजा यशवंतराव ट्रॉफी में चल रहे चार दिवसीय मुकाबले में उज्जैन संभाग की टीम दूसरे दिन के खेल में महज 40 रन जोड़ कर 393 रनों पर उज्जैन संभाग की पहली पारी समाप्त हुई। उज्जैन संभाग के अंकुर एस चौहान ने अपनी टीम के लिए 91 रनों की पारी खेली। नर्मदापुरम के गेंदबाज आर्यन देशमुख ने सर्वाधिक 5 विकेट,ऋत्विक दीवान 3 विकेट और विधान दुबे 2 विकेट हासिल किए।

नर्मदापुरम टीम की पहली पारी में शुरुआत अच्छी नहीं रही पहले तीन विकेट 77 रनों गिर गए थे फिर कप्तान राहुल चंद्रौल और गौतम रघुवंशी ने पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए महत्त्वपूर्ण 127 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में ले आए। फिलहाल नर्मदापुरम संभाग का स्कोर 233 रन पर 4 विकेट है। नर्मदापुरम



संभाग टीम के लिए सर्वाधिक 99 रन नाबाद गौतम रघुवंशी,45 राहुल चंद्रौल और 40 रन आदर्श दुबे ने बनाए हैं। पहली पारी में बढ़त लेने के लिए 160 रनों की दरकार है। मैच में अंपायर हर्षित जैन एवं अनुज कुमार और स्कोरर की भूमिका में विकास सिंह है। एमपीसीए से मैच आब्जर्वर हर्ष पाण्डेय, सिलेक्टर जफर अली, मैनेजिंग कमेटी सदस्य अनुराग मिश्रा, सीनियर सिलेक्शन कमेटी चेयरमैन संजय नाफडे सहित ग्राउंड स्टाफ मैदान पर मौजूद रहे।

---

### उपभोक्ताओं को समाधान योजना का लाभ 28 तक

**नर्मदापुरम।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री ऋषि गर्ग ने कहा कि समाधान योजना 2025-26 का लाभ पात्र उपभोक्ताओं को 28 फरवरी तक दिया जाए। उन्होंने बिजली चोरी रोकने, बिलिंग और राजस्व संग्रहण बढ़ाने, स्मार्ट मीटर जागरूकता अभियान, ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्शन वितरण, और तकनीकी खामियों सुधार पर जोर दिया। उपभोक्ताओं से अपील की गई कि वे बिल समय पर जमा कर समाधान योजना का लाभ उठाएं और कंपनी से जुड़ी शिकायतों का समाधान समय पर कराएं।

---

सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने किए जारी आदेश

# परीक्षाओं तक डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में परीक्षा सीजन से पहले शांति सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने सख्त आदेश जारी किए हैं। डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित, जबकि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग अब अनुमति आधारित होगा।

सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने अनुविभाग में परीक्षाओं तक डीजे के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को सीमित करने का आदेश गत दिवस जारी किया है। आदेश में एसडीएम भल्लावी ने उल्लेख किया है कि विवाह तथा अन्य कार्यक्रमों में डीजे का उपयोग देर रात्रि तक तेज गति से हो रहा है। पत्रानुसार उपखंड सोहागपुर की राजस्व सीमा अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश



भोपाल द्वारा हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल की वार्षिक परीक्षाओं के कार्यक्रम घोषित हो चुके हैं। फरवरी से ही परीक्षाएं उपखंड क्षेत्र सोहागपुर की राजस्व सीमा अंतर्गत होंगी। अतः विद्यार्थियों की पढ़ाई में कोई भी बाधा उत्पन्न ना हो, इसलिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के असमय प्रसारण पर रोक लगाना आवश्यक है।

### डीजे का शोर बंद

एसडीएम प्रियंका भल्लावी के आदेश पत्र में उल्लेख किया गया है कि आगामी आदेश तक डीजे बजाने पर पूर्णतः रोक लगाई जाती है। वहीं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था अथवा होटल परिसर अथवा मैरिज गार्डन में अति आवश्यक होने की स्थिति में अनुमति का आवेदन दिया जा सकता है। जिसके बाद सशर्त अनुमति मिलेगी।

अनुमति में उल्लेखित समयसीमा के बाद यंत्र का उपयोग नहीं किया जाएगा। अन्यथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(2) के तहत जारी आदेशानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

---

### छत्रपति शिवाजी जयंती पर इटारसी में विशाल स्वराज्य रैली आयोजित

**इटारसी।** छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर 19 फरवरी को इटारसी में विशाल स्वराज्य वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली न्यास कॉलोनी सतरास्ता से दोपहर 12 बजे शुरू होगी। रैली में 1000 मोटरसाइकिलें, भगवा ध्वज और शिवाजी महाराज की भव्य झांकी मुख्य आकर्षण होंगी। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की आरती और महाराज की पूजा-अर्चना से होगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश जाधव हैं। बैठक में युवाओं में स्वराज्य, राष्ट्रभक्ति और शिवाजी महाराज के विचार फैलाने पर जोर दिया गया। रैली में बड़ी संख्या में शिवभक्त और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

---

# अस्पताल में डायलिसिस मशीन लगाने की मांग के लिए कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

नगर कांग्रेस कमेटी पचमढ़ी ने मंगलवार को छावनी परिषद कार्यालय में एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन राज्यसभा सांसद विवेक तंखा द्वारा स्वीकृत डायलिसिस मशीन को पचमढ़ी छावनी परिषद अस्पताल में जल्द से जल्द स्थापित करने की मांग को लेकर था।सांसद निधि से स्वीकृत मशीन पर चर्चानगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शुक्ला के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने छावनी परिषद के कार्यालय अधीक्षक पवन साहू से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने यह मुद्दा उठाया कि राज्यसभा सांसद विवेक तंखा ने पचमढ़ी और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों की सुविधा के लिए डायलिसिस मशीन की स्वीकृति पहले ही दे दी है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से आग्रह किया कि वे जल्द से जल्द औपचारिकताओं को पूरा करें और यह मशीन अस्पताल में स्थापित करें, ताकि गंभीर बीमारियों



से ग्रस्त मरीजों को इलाज के लिए शहर से बाहर न जाना पड़े। इस अवसर पर अध्यक्ष, नगर कांग्रेस कमेटीसुनील शुक्ला, पूर्व उपाध्यक्ष छावनी परिषद अनीश खान, प्रशांत मोंटी, यूनिस अंसारी, शंकर लाल खटीक, विजय तिवारी, वीरेंद्र यादव, बृजमोहन सैंडल, दर्शन सिंह और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण किया

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को स्थानीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं कक्षा के अंग्रेजी प्रश्नपत्र की परीक्षा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन के स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए।

### कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 12 को

**हरदा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हरदा में युवा संगम प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में वी.ई. कॉमर्शियल व्हीकल लिमिटेड देवास द्वारा अप्रेंटिसशिप पद के लिए एक दिवसीय कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य आईटीआई हरदा ने बताया कि इस कैम्पस ड्राइव में किसी भी शासकीय अथवा प्राइवेट आईटीआई से केवल व्यवसाय ट्रेड फीटर, मशीनीस्ट, टर्नर, ग्राइंडर, सीएनसी-सीओई, डिजल मेकेनिक, ट्रेक्टर मेकेनिक तथा सभी मेकेनिकल ट्रेड व्यवसाय से आईटीआई उत्तीर्ण तथा पॉलिटेक्निक कॉलेज से मेकेनिकल व इलेक्ट्रिकल से डिप्लोमा धारक छात्र सम्मिलित हो सकते हैं।

### किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से प्रारंभ

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से प्रारंभ हो गया है, जिसकी अंतिम तिथि 07 मार्च निर्धारित की गई है। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों से सभी पात्र किसानों का पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं। खाद्य विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान केवल सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में स्थापित पंजीयन केंद्रों पर ही पंजीयन करा सकेंगे। जारी निर्देशानुसार वनाधिकार पट्टाधारी किसानों का वन पट्टा तथा सिकमी/बटाईदार किसानों का सिकमी/बटाई अनुबंध 02 फरवरी 2026 से पूर्व का पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। पंजीयन के दौरान ई-उपार्जन पोर्टल पर मूल भू-स्वामी की सहमति, आधार नंबर एवं अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज की जाएगी। ओटीपी सत्यापन के पश्चात ही पंजीयन मान्य होगा। पंजीयन केंद्र पर किसानों को आधार कार्ड, आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं सिकमी/बटाई अनुबंध की प्रति साथ लाना आवश्यक होगा। प्रस्तुत दस्तावेजों को ऑपरेटर द्वारा स्कैन कर ई-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

### आयुष विंग व स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर पर निशुल्क शिविर लगाया

**सीहोर।** सीहोर के आयुष विंग एवं स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर पर पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्था द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अर्थ (बवासीर), भगन्दर (फिस्टुला), परिकर्तिका (फिशर एवं अन्य गुदगत रोगों के 124 रोगियों का अनुभवी एवं विशेषज्ञ आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर क्षार सूत्र पद्धति से निःशुल्क उपचार किया गया। इसके साथ ही औषधियां भी प्रदान की गईं। शिविर में डॉ आदित्य नेमा, डॉक्टर सुरेश ठाकुर, डॉक्टर रवीन्द्र पाटिल, डॉक्टर नीलिमा सिंह, डॉक्टर विवेक सिंह भदौरिया, डॉक्टर उमेश नागर, नीरज कुशवाहा, मधुरेश कुमार पनिका एवं कमलेश शाक्य उपस्थित थे।

### पहली बार छोटी 51 सदस्यीय जिला कांग्रेस कमेटी बनेगी

**सीहोर।** प्रदेश मुख्यालय इंदिरा भवन, भोपाल में रविवार को सीहोर जिले की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला अध्यक्ष एवं सभी ब्लॉक अध्यक्षों के साथ संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से ग्राम एवं वार्ड पंचायत समितियों के गठन की कार्ययोजना तथा आगामी संगठनात्मक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, आईसीसी सचिव संजय दत्त, संगठन महासचिव संजय कामले, जिला प्रभारी जयश्री हरिकिरण, प्रदेश महामंत्री शालेन्द्र पटेल, सिहोर जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती आदि उपस्थित रहे।

---

सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर विद्यार्थियों को दी गई इंटरनेट सुरक्षा की जानकारी

# एआई टेक्नॉलॉजी के युग में इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग जरूरी : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि एआई टेक्नॉलॉजी के युग में इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के लिए हम सब का जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से जरूरी है कि सोशल मीडिया पर हम हमारी जानकारी सावधानी से शेयर करें। साथ ही इसका दुरूपयोग होने से बचाएं। भविष्य में व्हाईस एवं वीडियो क्लोनिंग जैसी तकनीकी भी आएगी, जिसमें असली नकली की पहचान करना मुश्किल होगा। ऐसी तकनीकी के दुरूपयोग से बचने के लिये काफी सजगता की जरूरत है। यह भी जरूरी है कि हम सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रमित अथवा फेक सामग्री से प्रभावित न हों। जैन मंगलवार को शासकीय पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में सेफर इंटरनेट डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र के अधिकारी प्रविन्द्र यादव ने बताया कि डीपफेक वीडिया और क्लोन की गई आवाजें वास्तविक दिख सकती है। भावनात्मक रूप से प्रतिक्रिया करने से पहले विश्वसनीय स्त्रोतों से पुष्टि करें। उन्होने बताया कि एआई घोटाले अक्सर तात्कालिकता या भय पैदा करते हैं। कार्य करने से पहले रूकें, सोचें और सत्यापित करें। चिकित्सा, कानूनी या वित्तीय सलाह के लिये कभी भी केवल एआई पर निर्भर न रहें। वास्तविक विशेषज्ञों से परामर्श लें। वीडियो में अप्राकृतिक चेहरे, होंठ या आवाजें एआई हेरफेर के चेतावनी संकेत हैं। भावनात्मक कहानियाँ या तत्काल सहायता अनुरोध एआई जनित घोटाले हो सकते है, मदद करने से पहले सत्यापित करें। इस दौरान पुलिस के सायबर सेल प्रभारी उमेश ठाकुर ने सायबर ठगी से बचाव के लिये विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य संगीता बिले भी मौजूद थी। कार्यक्रम का संचालन अतिथि विद्वान बसंतसिंह राजपूत ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पीपीटी के माध्यम से इंटरनेट सुरक्षा एवं सायबर ठगी से बचाव की जानकारी दी गई।

### वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत जागरुकता रथ को संयुक्त कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी



**हरदा।** भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार जिले में 9 से 13 फरवरी तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह की थीम केवाईसी - सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम निर्धारित की गई है। थीम के अंतर्गत आमजन को बैंकिंग सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु केवाईसी, सी-केवाईसी तथा खाता स्वच्छता एवं वित्तीय अनुशासन के संबंध में विशेष रूप से जानकारी प्रदान की जा रही है। भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशानुसार अभियान के प्रभावी संचालन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से मंगलवार को जिला पंचायत प्रांगण से संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने वित्तीय साक्षरता अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह अभियान रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों को केवाईसी की महत्ता, सुरक्षित बैंकिंग व्यवहार एवं खातों के सही संचालन के संबंध में जागरूक करेगा। इस दौरान एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, अग्रणी जिला प्रबंधक मनोज पंवार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

कॉलेज प्राचार्य बोलीं महिला होने के कारण हो रही हूं प्रताड़ित

## सड़क जाम कर अभाविप ने की कॉलेज प्राचार्य हटाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य को हटाने की मांग को लेकर दोबारा प्रदर्शन शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं ने छात्रों के साथ मिलकर कॉलेज का मेन गेट बंद कर दिया। दोपहर करीब 2 बजे प्राचार्य कक्ष में घुसने को लेकर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झड़प भी हुई। इसके बाद मुख्य सड़क जाम कर अभाविप ने प्राचार्य को हटाने की मांग की। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने कहा कि शिकायत के आधार पर दो दिन में जांच कर आगे का निर्णय लिया जाएगा। उधर प्राचार्य डॉ. संगीता बिले ने कहा कि उन्हे महिला होने के कारण प्रताड़ित किया जा रहा है। प्रदर्शन दोपहर 12 बजे शुरू हुआ। प्राचार्य डॉ. संगीता बिले और अन्य प्राध्यापक प्रदर्शनकारियों से मिलने आए, लेकिन छात्रों ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया। इसके बाद एसडीएम अशोक डेहरिया, एसडीओपी शालिनी परस्ते और तहसीलदार राजेंद्र पंवार मौके पर पहुंचे। मुख्य गेट पर व्यवस्थाओं में सुधार के लिए कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक रूप से हवन भी किया। करीब 2 बजे हवन के बाद कार्यकर्ता प्राचार्य के कक्ष में घुसने का प्रयास करने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस जवानों ने उन्हें रोका, जिससे पुलिस और अइश्ढ कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झड़प हुई। इसके बाद कार्यकर्ता प्राचार्य कक्ष के सामने ही धरने पर बैठ गए।

परिषद के नगर मंत्री शुभम ढोके ने कहा कि जब तक प्रभारी प्राचार्य को नहीं हटाया जाता, उनका धरना जारी रहेगा। छात्रा प्रमुख लिशिका काले ने छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था और लाइब्रेरी की अव्यवस्था पर चिंता जताई और कहा कि मांगें पूरी न होने तक धरना जारी रहेगा। प्राचार्य डॉ. बिले ने कहा कि अइश्ढ कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य कक्ष और आईटी सेल बंद करा दिया है, जिससे शासकीय कार्य में बाधा आ रही है। उन्होंने बताया कि वे इस संबंध में कलेक्टर से शिकायत करने जा रही हैं। इससे पहले शनिवार को भी परिषद के कार्यकर्ताओं ने करीब छह घंटे तक कॉलेज परिसर में धरना दिया था। तब उन्होंने रात 9 बजे एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर धरना समाप्त किया था।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम पांचातलाई निवासी बसंत विश्नोई ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर नल जल योजना के तहत खोदी गई नाली बंद न करने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होंने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को मामले की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम केलनपुरा, महेन्द्रगांव व बीड तथा भवरतलाब व खेड़ा.के ग्रामीणों ने जनसुनवाई में आवेदन देकर नहर में पानी न आने के संबंध में शिकायत की, जिस पर कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिये गये।

कुलहरदा निवासी अमजद खान ने पुराने रास्ते व गली पर अतिक्रमण हटाने के लिये आवेदन दिया, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम बाबड़िया निवासी दशरथ ने बीपीएल गरीबी रेखा की सर्वे सूची में नाम जुड़वाने के लिये जनसुनवाई में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार खिरकिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

### भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सभी कार्यकर्ता दें अपना अमूल्य योगदान

**सीहोर।** भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार को सीहोर जिला कार्यालय में कामकाजी बैठक, जनप्रतिनिधियों की बैठक और जिला कोर ग्रुप की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए कार्य रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। वर्ष 2047 में भारत अपनी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा। पार्टी के सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश को विकसित बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें। कामकाजी बैठक को संभाग प्रभारी डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान एवं जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने भी संबोधित किया। इस दौरान मंच पर प्रदेश शासन के मंत्री करणसिंह वर्मा, विधायक रमाकांत भार्गव, जिला प्रभारी विकास विरानी, विधायक सुदेश राय एवं गोपाल इंजीनियर उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी व श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

## कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर रोक लगाने के दिए निर्देश, अधिकारियों से कहा निगरानी रखें



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने नरवाई जलाने की घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नरवाई जलाने वालों पर नियमों के अनुसार जुर्माना लगाया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि नरवाई जलाने से पर्यावरण को गंभीर नुकसान होता है। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और मिट्टी की उर्वरता भी कम होती है। नरवाई जलाने की रोकथाम के लिए कृषि, उद्यानिकी, राजस्व तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की संयुक्त ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लगातार निगरानी रखी जा सके और समय पर कार्रवाई हो सके।

**सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा :** बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का तय समय-सीमा में संतोषजनक निराकरण किया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने 'संकल्प से समाधान' अभियान के तहत 15 फरवरी से क्लस्टर स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए और अधिक से अधिक नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जाए। अधिकारियों को अभियान में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।

इसके अलावा, कलेक्टर ने प्रधानमंत्री श्रम मानधन योजना का लाभ सभी पात्र श्रमिकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ को समग्र ई-केवाईसी, आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड निर्माण तथा प्रसूता महिलाओं को डीबीटी लाभ देने के लिए ई-केवाईसी के विशेष शिविर आयोजित करने को कहा।

कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों को आवंटित बजट का समय पर और सही तरीके से उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## वाहनों की रफ्तार पर लगना चाहिए लगाम, जब तक कार्रवाई नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर में इन दिनों बाइक ही नहीं, चार पहिया वाहन भी तेज रफ्तार से दौड़ रहे हैं। बाजार क्षेत्र में भी कई बार ऐसी स्थिति बनती है। हर रात इंदौर नाका से चौपाल सागर रोड तक चार पहिया वाहन तेज गति से गुजरते हैं। कुछ दिन पहले इसी रोड पर एक हादसा हुआ था। एक युवक की जान चली गई थी। बाजार में बाइक सवार भी तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। ऐसे में टक्कर होने पर बचना मुश्किल हो जाता है। यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। यातायात पुलिस को ऐसे वाहन चालकों पर सख्ती करनी चाहिए। जब तक कार्रवाई नहीं होगी, हादसों पर रोक लगना मुश्किल है। कई बाइक में तेज आवाज वाले उपकरण लगाए गए हैं। इन पर भी पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए। यह समस्या बढ़ रही है।

कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज हरदा का 50वां सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

## 5 नवयुगलों ने थामा सात वचनों के साथ एक दूजे का हाथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

बुंदेलखंडीय कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज जिला हरदा के तत्वावधान में गौर छात्रावास में सामुहिक सम्मेलन हुआ। जिसमें 5 नवदम्पतियों ने सात फेरे लिए। विवाह कार्यक्रम पंडित शिवदास माकवे दारा सात बचन सात फेरे के साथ मंत्र उच्चारण के साथ हिन्दू रिती रिवाज के साथ शादी संपन्न कराई। विवाह मंडप में कुर्मी समाज के पुरोहितों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ समाजसेवी व गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कन्यादान में 81000 हजार रुपए की राशि कन्या दान में आई जिसमें प्रत्येक कन्याओं को 14000 हजार की राशि सप्रेम भेंट की गई। विवाह मंडप के समक्ष गौर समाज के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिक्षक नर्मदा प्रसाद गौर द्वारा प्रत्येक वर-वधू को आम के पौधे और तुलसी के पौधे सप्रेम में भेंट किया गया। समाज के शीर्ष नेतृत्व एवं समस्त बुजुर्गों का आशीर्वाद और युवा कार्यकर्ताओं का उमंग और उत्साह पूरे समय तक कार्य करने की लगन एवं जागरूक कार्यकर्ताओं का समर्पण ने इस कार्यक्रम को सुव्यवस्थित सम्पन्न कराने में अहम योगदान दिया है। समाज की संपूर्ण ग्राम इकाई विवाह समिती की ओर से इस आयोजन में सहयोग किया गया। विवाह स्थल पंडाल में गौर समाज के प्रदेश प्रचारक सुरेश गौर ने बताया कि दहेज प्रथा के खिलाफ दहेज लोभीओं को दहेज न लेने की हिदायत दी और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और पेड़ लगाओ। इसी के साथ भी संदेश दिया अंत में विदाई गीत शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का मंच संचालन नितिन गौर द्वारा किया गया, आभार राजनारायण गौर द्वारा किया गया।

## उत्तरी हवा ने बढ़ाई ठिठुरन: पारा 12 डिग्री, फिर भी कड़ाके की ठंड

### सुबह सर्दी तो दोपहर में लग रही गर्मी



**सीहोर।** जिले में सोमवार न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते चार दिनों से पारा 11 से 12 डिग्री के आसपास स्थिर बना हुआ है। इसके बावजूद उत्तर दिशा से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण लोगों को कड़ाके की ठंड का अहसास हो रहा है।

### दूसरे सप्ताह में बदला मौसम का मिजाज

फरवरी का दूसरा सप्ताह पहले सप्ताह से बिल्कुल अलग है। पहले सप्ताह में जहां घना कोहरा था, वहीं अब आसमान साफ है और बादल छंट गए हैं। आज सुबह ठंड का असर रहा, लेकिन 9 बजे तक धूप तेज होने से लोगों को राहत मिली। दोपहर में तेज धूप के कारण गर्मी महसूस की जा रही है। कल भी लोगों ने दिन में गर्मी महसूस की थी। सोमवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम विभाग का हॉट बैलून (गुब्बारा) भी देखा गया। मौसम विभाग इसका उपयोग मौसम के पूर्वानुमान और आंकड़े जुटाने के लिए करता है।

**बीते दिनों का तापमान**

- 5 फरवरी: 12 डिग्री सेल्सियस
- 6 फरवरी: 10 डिग्री सेल्सियस
- 7 फरवरी: 12 डिग्री सेल्सियस
- 8 फरवरी: 11 डिग्री सेल्सियस
- 9 फरवरी: 11 डिग्री सेल्सियस
- 10 फरवरी: 12 डिग्री सेल्सियस